तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 महिला आयोग ने किया गेल इंडिया को रायपुर तलब, 9 जुलाई तक 2.50 लाख देने का निर्देश



**खबर संक्षेप**

### खेतों से केबल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में किसानों के खेतों से बोरवेल के केबल वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के केबल को जलाकर निकाला गया करीब दो किलोग्राम तांबे का तार और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के किसानों द्वारा पिछले कुछ समय से खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए बोरवेल के केबल वायर चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर पुसौर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की । इसी बीच 5 जुलाई को रेंगालपाली निवासी ऋषिकेश साव उर्फ संतोष साव ने पुसौर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके खेत में लगे बोरवेल का करीब 100 मीटर केबल वायर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने रेंगालपाली निवासी विक्रांत सिदार 22 वर्ष और दिगम्बर मांझी 26 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### शादी में जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन युवकों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक की रायगढ़ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टूरटूरा निवासी देवराज पैंकरा शनिवार की रात अपने साथियों दारासिंह और तुलसी के साथ ग्राम बैस्कीमुड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था। तीनों एक मोटरसाइकिल से सफर कर रहे थे और देवराज वाहन चला रहा था। बताया जा रहा है कि रात करीब नौ बजे ग्राम लिबरा पुलिया के पास पहुंचने पर बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर खेत में जा गिरी।

## जिले में है 3 लाख 23 हजार 489 खसरा, 1 लाख 21 हजार 76 हो चुका है रजिस्टर्ड

# एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिए दो लाख खसरा बाकी, पटवारियों को मिला है आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार हर खसरे का एग्रीस्टेक में रजिस्ट्रेशन होगा। यह किसान के फार्मर आईडी से लिंक रहेगा। याने किसान का फार्मर आईडी जब खुलेगा तो उसकी कितनी खसरे में कितनी जमीन है यह नजर आ जाएगा। इसके लिए हर खसरे का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। अब तक जिले में 1 लाख 21 हजार 76 खसरा रजिस्टर्ड हो चुका है। अभी दो लाख दो हजार 413 खसरा रजिस्टर्ड होना बाकी है। जिले में 3 लाख 23 हजार 489 खसरा है। इनका पंजीयन हो रहा है।

खसरा रजिस्ट्रेशन के लिए पटवारियों को आईडी जारी की गई है। अपने-अपने एरिया के किसानों के खसरे का एग्रीस्टेक में उनके द्वारा पंजीयन किया जा रहा है। यदि खसरे का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा तो किसान धान बिक्री भी नहीं कर सकते। बताया गया कि हर किसानों का (फार्मर आईडी) बना है। इस आईडी में पंजीकृत खसरा लिंक रहेगा। याने किसान का तो एक ही आईडी रहेगा, लेकिन उसके हर खसरे का अलग- अलग रजिस्ट्रेशन रहेगा। फार्मर आईडी खोलने से उनकी जमीनों का पूरा ब्यौरा नजर आ जाएगा। इससे किसानों की जमीनों की जांच करने में आसानी होगी। किसानों को अपनी जमीनों का रिकार्ड ऑनलाइन मिल जाएगी।




### किसान पंजीयन भी हो गया चालू

धान बिक्री के लिए किसान पंजीयन भी चालू हो चुका है। यह करीब चार महीने चलेगा। हालांकि अधिकांश किसानों का पंजीयन तो पहले से है, लेकिन कुछ नए और कुछ संशोधन का रहता है। इसके लिए समिति मॉड्यूल में उनको पंजीयन कराना होता है। एक जुलाई से इसका पंजीयन चालू हुआ है और अक्टूबर तक पूरा कराना है। याने चार महीने का समय दिया गया है। पंजीयन के लिए कोई भी किसान छूटे मत, शासन की यही मंशा है। हालांकि पारदर्शिता और किसानों की सुविधाओं के लिए रजिस्ट्रेशन जरुरी कर दिया गया है। इससे किसानों को ही धान बिक्री में आसानी होगी।

### 46 हजार खसरा रायगढ और पुसौर में 29 हजार खसरा बाकी

रायगढ़ अनुविभाग की बात करें तो रायगढ़ तहसील में 46 हजार और पुसौर तहसील में 29 हजार खसरा का पंजीयन बाकी है। हालांकि यह बीते सप्ताह का आंकड़ा है। अब तक इसमें काफी प्रोग्रेस हो चुका है। जानकारी के अनुसार दोनों तहसील में जुलाई के आखिरी तक खसरा रजिस्ट्रेशन का काम पूरा हो जाएगा। चूंकि यह काफी पेचीदा काम है। इसके कारण काफी सावधानी से पटवारियों का रजिस्ट्रेशन करना पड़ रहा है।

### रेलवे ट्रैक पर हादसा, तीन लंगूरों की मौके पर मौत

**रायगढ़।** कलमी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से चार लंगूरों की मौत हो गई। हादसे में तीन लंगूरों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य लंगूर को बचाने के प्रयास किए गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार की देर शाम लंगूरों का एक समूह रेलवे लाइन के आसपास विचरण कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन के गुजरने के समय कुछ लंगूर ट्रैक पार करने लगे और चार लंगूर तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में तीन लंगूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल होकर तड़पता रहा। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तत्काल सर्परक्षक-एनिमल रेस्क्यू समिति को दी। सूचना मिलते ही समिति के सदस्य विक्की चौहान और सुमित बेहरा मौके पर पहुंचे।

## कार में देशी कट्टा के साथ कर रहे थे सफर, पुलिस ने दो युवकों को दबोचा

**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान एक कार से देशी कट्टा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में घटना में प्रयुक्त कार समेत कुल 4.10 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है, जबकि हथियार से जुड़े एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक ओडिशा की ओर से रायगढ़ आ रही एक सफेद रंग की कार में कुछ लोग अवैध हथियार लेकर आने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने पहाड़ मंदिर स्थित शराब भट्ठी के पास घेराबंदी कर वाहन जांच शुरू की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार वहां पहुंची। पुलिस को देखकर चालक बचकर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार को घेर लिया और उसमें सवार लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान बजरंग रामभाठा निवासी हरीश यादव 26 और जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र के निवासी प्रहलाद केवट 24 के रूप में हुई, जो वर्तमान में रायगढ़ के किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में रह रहा था। जब पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तब कार के भीतर छिपाकर रखा गया एक देशी कट्टा बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद हथियार कथित तौर पर बंगालापारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र निवासी योगेश चौहान उर्फ सानू उर्फ साहिल चौहान ने खरीदा था। आरोपियों के अनुसार पुलिस कार्रवाई के दौरान वह मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग चार लाख रुपये कीमत की टोयोटा कार और करीब 10 हजार रुपये मूल्य का देशी कट्टा जब्त किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




### नाले में युवक ने लगाई छलांग नगर सैनिकों ने बचाई जान

**जांजगीर-चांपा।** बिलारी -कचंदा कांजी नाला में लगातार बारिश होने से पुल के ऊपर से लगभग 3 फीट पानी चल रहा है। पानी के तेज बहाव को देखते हुए पुल के ऊपर दोनों और सुरक्षा की दृष्टि से नगर सेना बचाव टीम तैनात की गई है। सोमवार 6 जुलाई को मधुकर बस सर्विस की बस आई। मौके पर तैनात टीम ने समझाइश देकर बस को वापस कराया। इसी दौरान बस का हेल्पर रामफल यादव उम्र 40 वर्ष हैंड पंप से पानी पीने जाने की बात कहते हुए नाले में छलांग लगा दी। तत्काल बचाव टीम द्वारा लगभग 1 किलोमीटर आगे ग्राम कोहका के पास उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

## अधेड़ की पिटाई से गई जान, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के पंचराम सारथी को घर में चोरी की आशंका पर तीन युवकों द्वारा खंभे से बांध कर की गई पिटाई की वजह से उसकी मौत हो गई। इस मामले में आरोपी विरेन्द्र सिंह सिदार को न्यायायल ने पंचराम की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।




इसके अलावा आरोपी को 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। इस संबंध में बताया अपर लोक अभियोजक योगेश कुमार प्रधान ने बताया कि 21 और 22 दिसंबर 2024 की मध्य रात्रि करीब 2 बजे पंचराम सारथी डूमरपाली के विरेंद्र सिंह सिदार पिता बाबूलाल सिदार के घर दाखिल होते देखा गया । जिसके बाद विरेंद्र सिंह और उसके साथ ही अशोक कुमार प्रधान पिता लोकनाथ प्रधान व अजय प्रधान पिता लोकनाथ प्रधान ने उसे एक खंभे से बांधा और बेदम पिटाई की। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह करीब 5.30 बजे उसका बेटा अर्जुन सारथी मौके पर पहुंचा। जिसके बाद पुलिस भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। इस मामले में विरेंद्र सिंह, अजय प्रधान और अशोक प्रधान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए तीनों को चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी विरेंद्र सिंह पिता बाबूलाल सिदार को पंचराम सारथी की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। इसके साथ ही न्यायालय ने अशोक प्रधान व अजय प्रधान के खिलाफ अपराध प्रमाणित नहीं हो पाने की वजह से उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

## स्कूल में हाउस के नामकरण को लेकर एबीवीपी ने जताया विरोध

**रायगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को बोईरदादर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र समूहों यानी हाउस के नाम भारतीय महापुरुषों के नाम पर रखने की मांग करते हुए स्कूल में धर्म विशेष के बारे में गुणगान करते हुए बच्चों को इससे संबंधित पाठ पढ़ाने के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने प्राचार्य के स्तीफे की मांग करते हुए स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तब उन्होंने चक्काजाम करते हुए बीच रोड पर धरने पर बैठ गए। परिषद ने इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

एबीवीपी नगर मंत्री रुचि मिश्रा सहित शिवम मिश्रा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यालय में वर्तमान में छात्रों के हाउसों के नाम विदेशी ईसाई मिशनरियों के नाम पर रखे गए हैं। परिषद का कहना है कि विद्यालय छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक चेतना के विकास का प्रमुख केंद्र होता है, इसलिए हाउसों के नाम भारतीय महापुरुषों के नाम पर करने की मांग की गई। विद्यार्थियों को देश के महान आदर्शों, इतिहास और संस्कृति से प्रेरणा प्राप्त होगी तथा उनमें राष्ट्रीय गौरव की भावना मजबूत होगी। इस दौरान स्कूल परिसर में जमकर प्रदर्शन किया जीएम जब पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया तब पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ भी उनकी झूमाझटकी हुई। वे लगातार प्राचार्य सेबेस्टियन तिग्गा के स्तीफे की मांग कर रहे थे। एबीवीपी ने डीईओ से इस विषय पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय प्रबंधन को उचित निर्देश देने की मांग की है।



### लापरवाही और बैठक से अनुपस्थित रहने वाले पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** तमनार ब्लॉक के ग्राम पंचायत हमीरपुर में पदस्थ पंचायत सचिव आशीष बारीक को शासकीय कार्यों में उदासीनता और विभागीय निर्देशों की अवहेलना के आरोप में जिला पंचायत सीईओ ने निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पंचायत व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखने और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में पंचायत सचिव का बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहना लगातार अधिकारियों के संज्ञान में आ रहा था। इसके अलावा शासकीय योजनाओं और दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षित रुचि नहीं लेने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करने की शिकायतें भी सामने आई थीं।

**कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की कवायद**

## ज्यादा कचरा उत्पादन करने वालों को कराना होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर सहित जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों, व्यावसायिक परिसरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, होटल-रेस्टोरेंट और अन्य चिन्हित इकाइयों का पंजीयन अब अनिवार्य कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में रायगढ़ सहित प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को निर्देश जारी किए हैं।

विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटर्स के पंजीयन के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जो 1 जून 2026 से प्रभावी हो चुका है। रायगढ़ नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की पहचान कर उनका पंजीयन शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह व्यवस्था ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत लागू की गई है। इसके अंतर्गत बड़े स्तर पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों का केंद्रीकृत पोर्टल पर पंजीयन आवश्यक होगा, जिससे कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा । रायगढ़ जिले में बढ़ते शहरीकरण और व्यावसायिक गतिविधियों के बीच यह पहल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने से कचरा संग्रहण, पृथक्करण और निस्तारण की व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।







# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

## लाइफ Style

# नीति

## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

## टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल

**मुंबई।** श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।



# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है। सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।
फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से



मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10



जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्राम बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर पांच वाहन चालकों को दी गई विदाई

**रायगढ़।** जिला पंचायत कार्यालय में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विभिन्न विभागों में वर्षों तक सेवाएं देने वाले पांच वाहन चालकों को विदाई दी गई। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद किया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में पशु चिकित्सा विभाग के वाहन चालक अमोल दास महिलांगे, महिला एवं बाल विकास विभाग के टीकाराम डनसेना, पशुपालन विभाग के श्रवण कुमार बागडोगी, वन विभाग के लाल बहादुर पैकरा तथा जिला पंचायत कार्यालय के तेरस मिंज को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त वाहन चालकों को स्मृति.चिन्ह एवं शुभकामनाएं भेंट कर उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना की प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

रायगढ़। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों के चयन हेतु 5 जुलाई को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ ने बताया कि आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर के निर्देशों के परिपालन में परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी विकासखंड स्तर पर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला रायगढ़ तथा सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में प्रदर्शित मेरिट सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### जिले में 366.7 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 07 जुलाई 2026 तक 1996.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2708.8 मिमी हुई है, जो सामान्य का 73.7ः है। बीते दिवस जिले में 366.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 202.4 मिमी, मनोरा में 290.6 मिमी, कुनकुरी में 242.1 मिमी, दुलदुला में 173.2 मिमी, फरसाबहार में 123.4 मिमी, बगीचा में 135.3 मिमी, कॉंसाबेल में 200.5 मिमी, पत्थलगांव में 209.1 मिमी, सन्ना में 276.1 मिमी एवं बागबहार में 144.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। 07 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में 54.5 मिमी दर्ज की गई। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 11574.8 मिमी के मान से अब तक 73.7ः वर्षा हो चुकी है।

## एसएसपी ने ली अनुविभागवार अफसरों की बैठक

# लापरवाही करने वाले विवेचकों पर होगी कार्रवाई



पुलिस कार्यालय स्थित सभाकक्ष में 6 जुलाई को डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सहित सभी शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अनुविभागवार थाना, चौकी के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं उसके निराकरण के लिए निर्देशित किया।

**अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की पहचान कर कड़ी कार्यवाही के दिये निर्देश**

**गौ-तस्करी एवं नषीला पदार्थ की तस्करी पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये**

**ऑनलाइन ठगी के मामले में सायबर सेल के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करने के दिये निर्देष**

**बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध होगी सख्ती**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

डीआईजी एवं एसएसपी डा. सिंह ने अनुभागवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायत इत्यादि का बारीकी से समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।

निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य करने वाले थाना, चौकी प्रभारी को पुरष्कृत करने की बात कही, इसके साथ ही अपराध निराकरण में कोताही बरतने वाले विवेचकों के विरूद्ध विभागीय दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के अपराध समीक्षा बैठक मे विवेचक के कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की विवेचना की जाए, प्रकरण की विवेचना का अब समय निर्धारित कर दिया गया है, निर्धारित अवधि के भीतर पेंडिंग मामलों की जांच पूर्ण कर ली जाये, राजपत्रित अधिकारियों को विवेचकों के कार्यों की प्रतिदिन मानीटरींग कर आवष्यक दिशा-निर्देश देने हेतु निर्देषित किया गया। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि आपके अधिनस्थ, आपके द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं दोषसिद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीआईजी एवं एसएसपी ने द्वारा मीटिंग में उपस्थित थाना व चौकी प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों में किसी तरह की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। तत्पष्चात डीआईजी एवं एसएसपी ने पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से जारी परिपत्र एवं परवानों के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।

### अपराधों पर हो प्रभावी कार्रवाई

डीआईजी एवं एसएसपी ने जिले के अवैध शराब, अवैध कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने एवं लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

### शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराएं

सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक भावेश कुमार समरथ को थाना, चौकी द्वारा चाही गई टेक्नीकल जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देषित किया गया इसके साथ ही सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त षिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देषित किया गया।

### पुलिस मितान से मिलकर कार्य करें

पुलिस मितान जशपुर पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को सुदृढ़ करना है। प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र के पुलिस मितानों से नियमित संपर्क बनाए रखें तथा उन्हें कानून-व्यवस्था, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा अन्य जनहितकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करें।

### जनजागरूकता अभियान चलाएं

पुलिस मितानों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड तक जनजागरूकता अभियान पहुंचाया जाए तथा नागरिकों को कानून का पालन करने, सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने, साइबर ठगी से बचाव, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, नशा उन्मूलन एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। पुलिस मितान केवल सूचना देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। थाना एवं चौकी प्रभारी इस व्यवस्था को प्रभावी बनाकर जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करें।

### कोई निराश न लौटे

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर ने कहा कि शिकायत के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति थाना, चौकी से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो, साथ ही विभिन्न घटित अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना में लगातार बुलाकर और उसके निवास पर जाकर नियमित रूप से चेकिंग करते रहें। पैदल मार्च, कांबिंग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे विजिबल पुलिसिंग के लिए निकले। शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो जाये जिससे कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आकर शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। ग्रामों से आने वाली शिकायतों पर उस ग्राम के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी को दायित्व देने हेतु निर्देषित किया गया।

## प्रियांश व श्रवण को पुलिस ने किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों की त्वरित सहायता कर मानवता का परिचय देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राह वीर योजना के अंतर्गत दो गुड सेमेरिटन नागरिकों को सम्मानित किया गया।

■ दोनों राहवीरों ने समय रहते बचाई 3 घायलों की जान

दोनों नागरिकों को जशपुर पुलिस द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान किए गए, वहीं भारत सरकार की ओर से 25-25 हजार रु. की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। प्रियांश भगत पिता सोमशीतल भगत निवासी ओल्ड पावर हाउस, रायगढ़ रोड, जशपुर ने दिनांक 10 फरवरी 2026 को ग्राम आटापाठ के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हुए सुरक्षित रूप से निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं श्रवण कुमार भगत पिता सुखू राम निवासी ग्राम बालाछापर ने 31 जनवरी को एनएच-43 पर सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उनकी सहायता की। डीआईजी एवं एसएसपी डां. लाल उमेद सिंह ने कहा कि, सड़क दुर्घटना के बाद का "गोल्डन ऑवर" अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान यदि घायल को समय पर उपचार मिल जाए तो उसका जीवन बचाया जा सकता है। ऐसे सद्भावी नागरिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## विवेचकों को मिले 104 स्मार्ट मोबाइल



**जशपुरनगर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा विवेचना कार्य को आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिले के लिए 104 स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराए गए हैं। इन स्मार्ट मोबाइलों का वितरण पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डां. लाल उमेद सिंह द्वारा जिले के समस्त विवेचकों को किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल तथा उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ भी उपस्थित रहे। डीआईजी एवं एसएसपी डां. लाल उमेद सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से विवेचना की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इन स्मार्ट मोबाइलों के माध्यम से विवेचक घटनास्थल का फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण, ई-साक्ष्य संकलन, गवाहों के बयान का डिजिटल रिकार्ड, जप्ती की प्रक्रिया का फोटो-वीडियो रिकार्ड तथा अन्य आवश्यक डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संकलित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों पर आधारित विवेचना न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगी। डिजिटल साक्ष्यों के माध्यम से आरोपियों के विरुद्ध मजबूत एवं ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए जा सकेंगे, जिससे न्यायालय में अपराध सिद्ध करने तथा दोषियों को दंड दिलाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह पहल जशपुर पुलिस की तकनीक-आधारित, पारदर्शी एवं प्रभावी विवेचना व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने में सहायता मिलेगी।

## किफायती दामों में खाद मिलने से किसानों को हो रही सहूलियत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानो को मिल रहा है खाद और बीज। जिले के हर किसान को अच्छे और किफायती दामों में खेती किसानी करने के लिए खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों को काफी सहूलियत मिल रही है। जिले समेत अन्य ग्राम पंचायतों और ब्लॉकों में खाद वितरण का काम सुचारू रूप से की जा है।

प्रतिदिन किसान अपनी स्थानीय सोसायटी से खाद, यूरिया तथा अन्य खेती के लिए लगने वाली सामग्री कम कीमतों में ले जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि पहले हमें सभी सामग्री के लिए हर दुकानों में जाना पड़ता था, जहां हमें महंगे दामों में सामान मिलता था। इस बार काफी सहूलियत मिल रही है। अब किसानी के लिए न ही ब्याज में पैसे लेने पड़ते हैं और न ही किसी भी प्रकार का लोन लेना पड़ता है, जिससे हमारी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है।

छत्तीसगढ़ शासन हमारी सहायता हर प्रकार से कर रही है जिससे किसानों को फायदा हो रहा है। किसानों ने बताया कि जो खाद-बीज उन्हें बाहर लेने में महंगे दामों में मिलता था, अब सरकार की इस परियोजना के तहत उन्हें कम दामों में मिल रहा है।

## निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास का शुभारम्भ



**जशपुरनगर।** ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के महत्व, नई शिक्षा नीति और भविष्य की चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबला करने के गुर बताए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तेलेस्फोर लकड़ा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, कौशल और रोजगार क्षमता को विकसित करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम का संचालन मार्टिन मंगल तिर्की ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## प्रतिभाओं को मिला मंच 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



सामाजिक सरोकारों और बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजस्विनी शाखा, मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा रविवार 6 जुलाई को पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, चनवारीडांड में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा विद्यालय के 142 बच्चों को उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका एवं तेजस्विनी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया तथा शाखा की सहसचिव श्रीमती मीनू गोयल ने अपने करकमलों से विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी साफ दिखाई दी और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कविता वाचन, पुस्तक वाचन, सुलेख, चित्रकला, रंगोली, कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़ तथा मेढ़क दौड़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया।

## 6 और प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** परिवहन मुख्यालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में अधिकाधिक प्रदूषण जांच पीयूसी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ के द्वारा जशपुर जिले में कुल 10 प्रदूषण जांच केन्द्र खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में जिले में वाहनों के प्रदूषण जांच के लिए 04 केन्द्र स्थापित हैं। आमजनों की सुविधा के लिए जिले के ऑयल रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पम्प, वाहन विक्रेताओं, परिवहन सुविधा केन्द्रों एवं इच्छुक व्यक्तियों को प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिवहन मुख्यालय के निर्देशानुसार पेट्रोल पम्पों पर स्थापित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक आवेदक आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यालय, जिला परिवहन अधिकारी, जशपुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय में संपर्क कर सकते हैं।

## बैठक में कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं समय-सीमा अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए तथा सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

## बाढ़ आपदा प्रबंधन और जलभराव की होगी मॉनिटरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आगामी मानसून को देखते हुए वर्षा पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जनजीवन प्रभावित न हो इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध एवं प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा समन्वय की कमी के कारण आम नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालों की साफ सफाई, जल निकासी व्यवस्था, जलभराव वाले स्थानों की पहचान, राहत एवं शेल्टर हाउस की व्यवस्था तथा बाढ़ अथवा अन्य आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी करें तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर लें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जलजनित एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रोंए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक जीवनरक्षक एवं सामान्य दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम उपलब्ध रखने तथा आवश्यक एहतियाती तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। डेंगू नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत लार्वा सर्वे, फॉगिंग, साफ सफाई एवं जनजागरूकता गतिविधियों को निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र केवल रेफरल अस्पताल न बनें, बल्कि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ उपचार सुनिश्चित किया जाए।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि बने रघुनाथ कौंद



**पुसौर।** रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने पुसौर जनपद के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद राठिया ने राजनीति में अपने पुराने सहयोगी और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रघुनाथ कौंद पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुसौर जनपद का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पुसौर क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि जगन्नाथ प्रधान सहित भाजपा के तीनों मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि रघुनाथ कौंद वर्ष 2000 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। इसके बाद पूर्व मंडल महामंत्री एवं नशामुक्ति अभियान के संयोजक सुरेन्द्र जेना ने रघुनाथ कौंद को आमंत्रित किया। यहां उन्होंने अपने मित्र मंडली के साथ केक काटकर रघुनाथ कौंद का आत्मीय स्वागत किया।

### श्रमिकों को कार्ड अपडेट कराना जरुरी

**रायगढ़।** पंजीकृत श्रमिकों के श्रमिक कार्ड में दर्ज जानकारी के सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया लगातार जारी है। श्रमिक कार्ड में दर्ज सभी जानकारियों का सत्यापन कर आवश्यक सुधार कराना जरुरी है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी श्रमिक के कार्ड में नाम हिंदी अथवा अंग्रेजी में जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर, पता या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो उसे तत्काल संशोधित कराया जाना आवश्यक है। सही एवं अद्यतन जानकारी होने से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल सकेगा। श्रमिक कार्ड में संशोधन की सुविधा सभी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में उपलब्ध है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।

### आपदा मृतकों के वारिसों को मिलेगा 4.4 लाख

**सारंगढ़।** जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत पर सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। आपदा प्रकरण में तालाब के पानी में डूबने से हुई मौत पर सरिया तहसील के ग्राम छेवारीपाली के 2 मृतक मिथिलेश सिदार की पत्नी निर्मला सिदार और सर्पदंश से 2 मृतक सपनीता चौहान के पिता केबल चौहान और भटगांव तहसील के ग्राम हरदी छातादेई के मृतक दुर्गेश टंडन के भाई भीसम टंडन, पानी में डूबने से ग्राम सलोनीकला के मृतक रथराम चंद्रा के पुत्र मनोज कुमार चंद्रा और चन्द्रनगर भटगांव के मृतक महादेव सिदार के भाई कृष्णदेव सिदार, आकाशीय बिजली से भटगांव के मृतक मुरारी लाल आदित्य की पत्नी उषाबाई आदित्य क्रो को परिवार के लिए सयुंक्त रूप से कलेक्टर ने 4-4 लाख स्वीकृत किया गया है।

## महिला आयोग ने की 46 मामलों की सुनवाई, कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण

# महिला आयोग ने किया गेल इंडिया को रायपुर तलब, 9 जुलाई तक 2.50 लाख देने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को महिला आयोग ने सुनवाई की। इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण मामला गेल इंडिया से जुड़ा रहा। सुनवाई में कंपनी की ओर से साइट इंजीनियर उपस्थित हुए, जबकि मूल शिकायत जिस अधिकारी के विरुद्ध थी, वह लगातार अनुपस्थित रहा। आयोग के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में आवेदिका ने बताया कि उसकी भूमि के बीच से गेल इंडिया की गैस पाइपलाइन बिछाई गई है। पाइपलाइन के कारण उसके लगभग 400 फीट गहरे स्थायी बोरवेल का उपयोग प्रभावित हो गया है जिसके निर्माण में लगभग 2.50 लाख रुपए खर्च हुए थे। शिकायत के अनुसार संबंधित अधिकारी द्वारा बोरवेल के उपयोग पर रोक लगाने के साथ समाधान के लिए भी सहमति नहीं दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने गेल इंडिया के महाप्रबंधक सुरेश बाबू को 9 जुलाई को रायपुर स्थित राज्य महिला आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनी को आवेदिका को 2.50 लाख रुपए का भुगतान करने अथवा नया बोरवेल खनन के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि आदेश का पालन नहीं होने की स्थिति में आवेदिका एफआईआर दर्ज कराने एवं दीवानी वाद प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र होगी। आयोग ने फिलहाल अनावेदक क्रमांक 1, 2 एवं 3 को प्रकरण से मुक्त रखा है जबकि मुआवजा नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी तय करने की बात कही है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 9 जुलाई को रायपुर में होगी।



सुनवाई करते महिला आयोग अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी।

**जिले में हो चुकी है 10 सुनवाई**

छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं संभाग प्रभारी सदस्य सरला कोसरिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सृजन सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न एवं महिला अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोग की यह प्रदेश स्तर पर 409 वीं तथा रायगढ़ जिले में 10वीं जनसुनवाई रही, जिसमें कुल 46 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आयोग ने कई मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**पडिगांव के प्राचार्य को 15 दिन में हटाने का निर्देश**

पुसौर ब्लॉक के पड़ीगांव हाई स्कूल में कार्यरत शिक्षिका ने स्कूल के प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना, वेतन कटौती तथा अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया। शिक्षिका ने बताया कि तलाक के बाद उपनाम परिवर्तन की प्रक्रिया के दौरान भी प्राचार्य द्वारा अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। मामले की सुनवाई के बाद आयोग ने प्रथम दृष्टया शिकायत को प्रमाणित मानते हुए डीईओ रायगढ़ को संबंधित प्राचार्य का 15 दिनों के भीतर अन्य ब्लॉक में तबादला करने की अनुशंसा की है।



# बिजली बिल ज्यादा आ रहा है साहब आर्थिक स्थिति हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साहब बिजली बिल ज्यादा आ रहा है। इसके कारण घर की माली हालत खराब हो रही है। परिवार पर संकट आ गया है। कुछ राहत नहीं मिल रही है। यह अब तक बढ़ी बिजली बिल की मार से त्रस्त ग्रामीण की गुहार है जो अब इस हालात को संभाल नहीं पा रहा है। जब पानी सिर से पार हो गया तो पुसौर के ग्राम तड़ोला निवासी अंकुर नंदे जनदर्शन में पहुंच गए। उनका कहना था कि घरेलू विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद लगातार अत्यधिक बिजली बिल आ रही है। उन्होंने बताया कि अधिक राशि का बिजली बिल मिलने से परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इसी तरह जगतपुर निवासी रेवती बाई ने पीएम आवास की मांग की। तहसील घरघोड़ा निवासी तीर्थराज झरिया ने कहा कि उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 741/1 रकबा 0.240 हेक्टेयर एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है और भूमि पर खनन भी किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक उन्हें भूमि का न तो मुआवजा मिला है और न ही रोजगार। उन्होंने परिवार के भरण-पोषण के लिए मुआवजा या नौकरी दिलाने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को मामले की विस्तृत जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**90 फीसदी दिव्यांग लेकिन पेंशन स्वीकृत नहीं**

तमनार के ग्राम कर्रापाली के चैतन गुप्ता ने बताया कि उनका पुत्र 90 प्रतिशत दिव्यांग है, पेंशन स्वीकृत करने एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने कई बार आवेदन दिया, लेकिन अब तक न तो पेंशन मिली और न ही राशन कार्ड। लैलूंगा के सुदूर वनांचल क्षेत्र गंजपुर के सरपंच ने स्कूली बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन स्कूल भवन निर्माण की मांग रखी। वहीं जनपद पंचायत कोतरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खराब हो चुके बोरवेल के कारण उत्पन्न पेयजल संकट से अवगत कराते हुए नए बोर खनन की मांग की।

# 12 को वैष्णव महासभा का महासंगम, होगा शपथ ग्रहण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला रायगढ़ के तत्वावधान में आगामी 12 जुलाई को शहर के केवड़ाबाड़ी स्थित मंगल भवन में भव्य महासंगम एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मंडलों के नवगठित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है।

महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी मंडलों के गठन, पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। विशेष रूप से पुसौर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, तमनार, लैलूंगा सहित अन्य मंडलों के नए पदाधिकारियों का गठन एवं जिम्मेदारियों का हस्तांतरण किया जाएगा। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मंच से आधिकारिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को संवैधानिक एवं व्यवस्थित स्वरूप मिल सके। महासभा का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। आयोजन में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव सहित प्रदेश पदाधिकारी समारोह में शामिल होकर नवचयनित पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देंगे तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपेंगे। कार्यक्रम 12 जुलाई रविवार को केवड़ाबाड़ी मंगल भवन, रायगढ़ में आयोजित होगा।

# चांदमारी स्कूल के छात्राओं को मिली साइकिल, राह हुई आसान



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नगर पालिक निगम अमित शर्मा, पूर्व पार्षद श्रवण सिदार, अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ हज कमेटी सदस्य गुलाम रहमान, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती मेहरूनिशा, अन्य सम्मानित सदस्य एवं अतिथिगण की उपस्थिति में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण के अंतर्गत कक्षा नवमी के नवप्रवेशी पात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने जाने में सुविधा उपलब्ध कराना एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य शासन की यह योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़नेए विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वार्ड पार्षद अमित शर्मा ने छात्राओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा के बारे में बताते हुए छात्राओं को उनके भविष्य निर्माण के लिए यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। अंत में प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**खरसिया।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर खरसिया के पुरानी बस्ती चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें नमन करते हुए उनके देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर महेश साहू ने साथियों सहित आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी का ऐतिहासिक संकल्प एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा एवं राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरित करता है। उनके त्याग, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर विजय शर्मा खरसिया मंडल, ध्यक्ष, मनीष रावलानी महामंत्री, किशोर शर्मा कार्यालय मंत्री, नीलेश ठाकुर शक्ति केंद्र सहसंयोजक एवं हितेश सोनू द्विवेदी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्राइवेट स्कूलों में अनट्रेंड शिक्षक गढ़ रहे बच्चों का भविष्य

- हाल ही के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का कमजोर रहा प्रदर्शन, चंद्रपुर के कई निजी विद्यालय चर्चा में




**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के अंतिम छोर में बसे प्रसिद्ध धार्मिक एवं शिक्षा की नगरी चंद्रपुर में नए शिक्षण सत्र 2026 की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों और अभिभावकों से मिली शिकायतों के अनुसार कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि इन शिकायतों की पुष्टि होती है, तो यह विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला होगा। हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों ने भी कई निजी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

सूत्रों के अनुसार कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहाए जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी असफल हुए या अपेक्षा से काफी कम अंक प्राप्त कर सके। इससे अभिभावकों में चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। उनका कहना है कि ऊंची फीस के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर की नहीं दिख रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को सभी निजी विद्यालयों की जांच करनी चाहिए। शिक्षकों की योग्यता, मान्यता संबंधी नियमों का पालन, विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। यदि कहीं नियमों का उल्लंघन मिलता है, तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। ऐसे में यदि शिक्षा संस्थानों में लापरवाही या नियमों की अनदेखी हो रही है, तो उस पर समय रहते कठोर कार्रवाई आवश्यक है।

> मैंने चंद्रपुर के सभी निजी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका के दस्तावेज मंगाए हैं। इस प्रकार की गतिविधियां चल रही है तो उस विद्यालयो की मान्यता रद्द कर दी जाएगी।
>
> **कुमुदनी बाघ द्विवेदी , डीईओ सक्ती**

# रेंगालपाली बेरियर में सफेद धुंए से परेशान हैं लोग

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के रेंगालपाली स्थित आरटीओ और खनिज बेरियर के पास आए दिन सफेद धुंआ उड़ता रहता है। इससे न केवल राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है बल्कि धुंए के कारण सड़क पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

जानकारी के अनुसार यह सफेद धुंआ बेरियर से कुछ ही ही दूर स्थित एक कंपनी से निकल रहा है। कंपनी में चुना पत्थर लाकर संयंत्र में उपयोग किया जाता है जिसके प्रसंस्करण के दौरान भारी मात्रा में सफेद धुंआ वायुमंडल में छोड़ा जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धुंआ निकलने के दौरान बेरियर और आसपास का पूरा इलाका धुंध से भर जाता है। इस वजह से बाइक और चारपहिया वाहन चालकों को आगे का रास्ता साफ नहीं दिखता। इस धुंए से बड़माल, रेंगालपाली और ठेंगापाली सहित आसपास के कई गांव के रहवासी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि धुंए के कारण बच्चे और बुजुर्ग खांसते हुए देखे जाते हैं।

# राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को लक्ष्य और सकारात्मक सोच अपनानी होगी: ओपी

**रायगढ़।** देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा, प्रखर शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा



उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को नमन किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, शिक्षा, सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा और अदम्य साहस का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने व्यक्तिगत हितों से ऊपर राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दिया और भारतीय लोकतंत्र तथा राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र के प्रति योगदान का भी स्मरण किया।

## 53,025 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता का सृजन

# ग्रामीण जल संरक्षण को नई मजबूती दे रही अदाणी फाउंडेशन की पहल

- 5 गांवों में तालाब गहरीकरण कार्य प्रगति पर

**रायगढ़।** जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संयंत्र के परिधीय 5 गांवों में तालाबों का गहरीकरण कार्य प्रगति पर है। यह पहल वर्षा जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा किसानों की कृषि आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है।

परियोजना के तहत बरपाली, छोटे भंडार, तिलगी, रुचिदा एवं सरवानी गांवों के कुल 5 तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने पर लगभग 53,025 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता का सृजन होगा, जिससे वर्षा जल का संचयन बेहतर होगा और भू-जल पुनर्भरण में सहायता मिलेगी। इस परियोजना से आसपास के कृषि क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। अनुमानतः रुचिदा में 50 एकड़, बरपाली में 15 एकड़, सरवानी में 20 एकड़ तथा तिलगी में लगभग 25 एकड़ सहित कुल 105 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इससे फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी और वर्षा आधारित खेती पर निर्भरता कम होगी। तालाब गहरीकरण कार्य जल संरक्षण के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं ग्रामीण आजीविका के अन्य साधनों को भी समर्थन देगा। सभी तालाबों में एक-एक पचरी का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए सुविधा मिलेगी। अदाणी फाउंडेशन स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है, जो गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हों। जल संरक्षण पर आधारित यह पहल ग्रामीण विकास और कृषि को दीर्घकालिक आधार प्रदान करेगी।





